# Sample Question Paper

Common Annual Examination (वार्षिक परीक्षा)

2018 -2019

| | | |
|---|---|---|
| Class- VII (प्रतिभा)<br>Time- 2 घंटे 30 मिनट | Subject- हिंदी<br>Max. Marks - 50 | |
| | DESCRIPTION | M.M |
| | सामान्य निर्देश :-<br>1. यह प्रश्नपत्र प्रतिभा समूह के लिए है \|<br>2. इस प्रश्न पत्र में चार खंड हैं – क, ख, ग और घ \|<br>3. यथासंभव प्रत्येक खंड के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः दीजिए \|<br>4. उत्तर लिखने से पहले प्रश्न संख्या लिखिए \|<br>5. प्रत्येक उत्तर लिखने के बाद एक या दो लाइन छोड़कर अगले प्रश्न का उत्तर लिखिए \| | |
| | **खंड - 'क'**<br>**(अपठित-अंश)** | |
| प्रश्न सं. 1 | **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए -**<br>होली रंगों का त्यौहार है। यह फाल्गुन मास के पूर्णमासी को मनाया जाता है। बसंत ऋतु के मोहक वातावरण में मनाया जाने वाला यह पर्व उल्लास और उमंगों का पर्व कहा जाता है। इस दिन घरों में तरह-तरह के पकवान बनाये जाते हैं और सभी एक दूसरे को रंग और गुलाल लगाकर अपनी भावनाओं को प्रकट करते हैं। होली को भाईचारे का प्रतीक माना जाता है, किन्तु कुछ लोग इस भाईचारे के पर्व को हुडदंग और उपद्रव में बदल देते हैं। इससे सामाजिक विद्वेष फैलता है। साथ ही कुछ शरारती तत्व रंगों के नाम पर विभिन्न प्रकार के हानिकारक रसायनों का प्रयोग करते हैं, जिससे होली का रंग बदरंग हो जाता है। | |
| | (क) होली किसका त्यौहार है?<br>(ख) होली कब मनाया जाता है?<br>(ग) होली किस ऋतु में मनाया जाता है?<br>(घ) होली का त्यौहार किसका प्रतीक माना जाता है?<br>(ङ) होली का रंग बदरंग क्यों हो जाता है? | **1X5=5** |
| प्रश्न सं. 2 | **निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए -**<br>सतपुड़ा के घने जंगल, नींद में डूबे हुए से<br>ऊंघते अनमने जंगल,<br>झाड़ ऊँचे और नीचे, चुप खड़े हैं आँख मींचे,<br>घास चुप है, कास चुप है, मूक शाल, पलाश चुप है<br>बन सके तो धँसो इनमें, धँस न पाती हवा जिसमे,<br>सतपुड़ा के घने जंगल, नींद में डूबे हुए से | |

| | | |
|---|---|---|
| | ऊंघते अनमने जंगल। | |
| | (क) काव्यांश में कहाँ के जंगल की बात कही गयी है?<br>(ख) जंगल का रूप कैसा है?<br>(ग) काव्यांश में किनके चुप रहने की बात कही गयी हैं?<br>(घ) जंगल को अनमना क्यों कहा गया है ?<br>(ङ) कवि क्या चुनौती देते हैं? | 1X5=5 |
| | **खंड- 'ख'**<br>**(व्यावहारिक व्याकरण)** | |
| प्रश्न सं. 3 | निम्नलिखित शब्दों का वाक्य में प्रयोग कीजिए-<br>(i) शत्रुता<br>(ii)परोपकार | 1X2=2 |
| प्रश्न सं. 4 | निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित संज्ञा शब्द के भेद का नाम लिखिए-<br>(i) हमें अपने <u>राष्ट्र</u> के सम्मान की रक्षा करनी चाहिए\|<br>(ii) <u>महात्मा बुद्ध</u> अहिंसा के पुजारी थे\| | 1X2=2 |
| प्रश्न सं. 5 | निम्नलिखित वाक्यों में सर्वनाम शब्द छांटकर लिखिए-<br>(i) वह सोमवार को घूमने जायेगा\|<br>(ii) हमलोग विद्यालय जा रहे हैं\| | 1X2=2 |
| प्रश्न सं. 6 | (क) निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित शब्द का लिंग बदलकर उचित वाक्य लिखिए-<br>हिंदी की <u>शिक्षिका</u> आ रहीं हैं\|<br>(ख) निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित शब्द को बहुवचन में बदलकर उचित वाक्य लिखिए-<br><u>छात्र</u> ने परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन किया\| | 1X2=2 |
| प्रश्न सं. 7 | (क) निम्नलिखित वाक्य में काल के भेद को पहचानकर लिखिए-<br>हमारा देश ज्ञान-विज्ञान के क्षेत्र में बहुत आगे था\|<br>(ख) 'माता' शब्द के दो पर्यायवाची लिखिए- | 1x2=2 |
| | **खंड- 'ग'**<br>**(पाठ्य-पुस्तक)** | |
| प्रश्न सं. 8 | निम्नलिखित में किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर लिखिए - | 2X5=10 |
| | (क) दादा की मृत्यु के बाद लेखक के घर की आर्थिक स्थिति ख़राब क्यों हो गई थी?<br>(ख) कठपुतली को गुस्सा क्यों आया?<br>(ग) रहीम ने अपने दोहे में सच्चे मित्र की क्या पहचान बताई है?<br>(घ) आँख में तिनका पड़ने के बाद घमंडी की क्या दशा हुई ?<br>(ङ) मोर-मोरनी के नाम किस आधार पर रखे गए?<br>(च) मीरा को सावन मनभावन क्यों लगने लगा? | |
| प्रश्न सं. 9 | निम्नलिखित में किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए - | 2X3=6 |
| | (क) मिठाईवाला अलग-अलग चीज़ें क्यों बेचता था और वह महीनों बाद क्यों आता था?<br>(ख) खानपान की मिश्रित संस्कृति से लेखक का क्या मतलब है? | |

| | | |
|---|---|---|
| | (ग) गांधीजी पेशेवर कारीगर के उपयोग में आनेवाले औज़ार क्यों खरीदना चाहते होंगें? | |
| प्रश्न सं. 10 | वीर कुंवर सिंह की विशेषताओं को अपने शब्दों में विस्तार से लिखिए\|<br>अथवा<br>नीलकंठ पाठ के आधार पर नीलकंठ के स्वाभाव की विशेषताओं को अपने शब्दों में विस्तार से लिखिए\| | 1X4=4 |
| | **खंड-'घ'**<br>**(रचनात्मक लेखन)** | |
| प्रश्न सं. 11 | निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 80 से 100 शब्दों में निबंध लिखिए-<br>(क) मेरा विद्यालय<br>(ख) समय का महत्त्व<br>(ग) गणतंत्र दिवस | 5 |
| प्रश्न सं. 12 | अपने क्षेत्र के साफ-सफ़ाई के लिए स्वास्थ्य अधिकारी को पत्र लिखिए।<br>अथवा<br>जन्मदिन की बधाई देते हुए छोटे भाई को पत्र लिखिए। | 5 |